smc
moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 02 अप्रैल 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | मई | 29-05-24 | 25.07 |
| सोना | अप्रैल | 26-04-24 | 2236.50 |
| कच्चा तेल | मई | 22-04-24 | 83.71 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | जून | 28-04-24 | 87.42 |
| नेचुरल गैस | मई | 26-04-24 | 1.84 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.36 |
| डॉलर इंडेक्स | 105.01 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.07 |
| सीआरबी इंडेक्स | 336.03 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 8867.00 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2337.00 |
| जिंक | नकद | 2439.00 |
| लेड | नकद | 2055.00 |
| निकल | नकद | 16749.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 15 अप्रैल 24 | 72720.00 |
| एल्युमिनियम | 15 अप्रैल 24 | 19665.00 |
| जिंक | 15 अप्रैल 24 | 20885.00 |
| लेड | 15 अप्रैल 24 | 16415.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 24-04-24 | 17163.00 | तेजी | 04.03.24 | 16461.00 | 16950.00 |
| चांदी | 03-05-24 | 75532.00 | तेजी | 04.03.24 | 73467.00 | 74800.00 |
| सोना | 05-06-24 | 68331.00 | तेजी | 04.03.24 | 64462.00 | 67500.00 |
| कच्चा तेल | 19-04-24 | 6997.00 | तेजी | 19.01.24 | 6152.00 | 6650.00 |
| नेचुरल गैस | 25-04-24 | 153.90 | तेजी | 26.03.24 | 150.70 | 144.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 30-04-24 | 765.90 | तेजी | 11.03.24 | 736.70 | 755.00 |
| एल्युमिनियम | 30-04-24 | 209.55 | तेजी | 11.03.24 | 203.20 | 205.00 |
| जिंक | 30-04-24 | 217.70 | तेजी | 06.03.24 | 218.60 | 215.00 |
| लेड | 30-04-24 | 178.55 | साइडवेज | 05.12.23 | 182.85 | - |
| मेटलडेक्स | 19-04-24 | 15450.00 | तेजी | 15.03.24 | 15565.00 | 15300.00 |
| स्टील लांग | 19-04-24 | 41710.00 | मंदी | 21.03.24 | 41640.00 | 42500.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**01.04.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 68200 पर सपोर्ट और 68500 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 75700 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 75200 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में तेजी का रूझान रह सकता है । जून में पहली बार फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के कारण पिछले सत्र में रिकॉर्ड ऊंचाई को छूने के बाद, अमेरिकी ट्रेजरी की यील्ड में बढ़ोतरी के कारण आज को सोने की कीमतें स्थिर कारोबार कर रही है। मार्च में 1-1/2 साल में पहली बार अमेरिकी मैनुफैक्चरिंग में वृद्धि हुई, क्योंकि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई और नए ऑर्डर बढ़े, लेकिन कारखानों में रोजगार कम रहा और इनपुट की कीमतें अधिक हो गई। ऑस्ट्रेलिया का केंद्रीय बैंक बैंकिंग प्रणाली को लिक्वीडिटी प्रदान करने के तरीके को बदलने का इरादा रखता है, जो नियमित मुद्रा बाजार संचालन के माध्यम से पर्याप्त लिक्वीडिटी प्रदान करता है। सीएमई समूह के फेडवॉच टूल के अनुसार, व्यापारी फेड द्वारा जून में दरों में कटौती शुरू करने की 57% संभावना जता रहे हैं।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है । तांबे की कीमतें 763-768 के दायरे में कारोबार कर सकती है। शीर्ष उपभोक्ता चीन से मांग के आउटलुक में सुधार और कच्चे माल की आपूर्ति की बढ़ती चिंताओं के कारण आज तांबे की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। मार्च में छह महीने में पहली बार चीन की मैनुफैक्चरिंग गतिविधि में विस्तार हुआ, जिससे नीति निर्माताओं को राहत मिली, जबकि संपत्ति क्षेत्र में संकट अर्थव्यवस्था और विश्वास पर दबाव बना हुआ है। उम्मीद से अधिक मजबूत अमेरिकी मैनुफैक्चरिंग आंकड़ों ने सोमवार को ट्रेजरी की यील्ड को बढ़ा दिया और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के समय को लेकर निवेशकों की चिंता बढ़ गई। जिंक में मिला-जुला रूझान रह सकता है और कीमतों को 216 पर सपोर्ट और 219 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें 178-180 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। विश्लेषकों के अनुसार, मार्च के मध्य से, बड़े चीनी लेड स्मेल्टरों का रखरखाव चल रहा है, जिससे अप्रैल में लगभग 20,000 टन उत्पादन प्रभावित होने की उम्मीद है। एल्युमीनियम की कीमतें 208-211 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें मिले-जुले रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6940-7050 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। मांग में सुधार और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के संकेतों से आज शुरुआती एशियाई कारोबार में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई, जिससे पिछले सत्र में अमेरिकी वायदा पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। चीन और अमेरिका में मैनुफैक्चरिंग गतिविधि क्रमशः छह महीने और 1-1/2 साल में पहली बार मार्च में बढ़ी, जिसे बाजार ने बढ़ती तेल मांग के संकेतक के रूप में देखा। मध्य पूर्व में, सीरिया में ईरान के दूतावास पर एक इजरायली हमले में तीन वरिष्ठ कमांडरों सहित सात सैन्य सलाहकारों की मौत हो गई, जिससे लगभग आधे साल तक चले संघर्ष में वृद्धि हुई और तेल आपूर्ति पर अधिक ठोस प्रभावों के बारे में चिंताएं पैदा हुई। गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों ने कहा कि यूरोप में, तेल की मांग अपेक्षा से अधिक मजबूत थी, फरवरी में साल दर साल 100,000 बैरल/दिन की बढ़ोतरी हुई, जबकि 2024 में 200,000 बैरल/दिन की कमी का अनुमान लगाया गया था। नेचुरल गैस की कीमतें 150-157 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19:30 | अमेरिकी जॉल्ट्स जॉब ओपनिंग (फरवरी) | अधिक | 8.790M | 8.863M | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 19:30 | अमेरिकी फैक्ट्री ऑर्डर्स(माह-दर-माह)(फरवरी) | अधिक | 1.1% | -3.6% | मेटल एवं एनर्जी | प्रतिकूल |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।